भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– आईईसी/बीसीसी (1 पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्वः

- आयुष्मान भारत से संबंधित सभी आईईसी गतिविधियों का समन्वय एवं निगरानी करना।
- आईईसी उत्पाद के प्रचार–प्रसार के लिए मीडिया योजना सहित आयुष्मान भारत आईईसी सामग्री के विकास के लिए रचनात्मक इनपुट प्रदान करना और हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- आयुष्मान भारत आईईसी अभियानों के लिए प्रचार/संचार सामग्री में शामिल किए जाने वाले प्रमुख संदेशों की पहचान करना और उनका रचनात्मक विकास करना।
- अन्य प्रचार अभियानों के लिए विशिष्ट अनुरोध के अनुसार तैयार की जाने वाली सामग्रियों के उपयुक्त मिश्रण के बारे में सलाह देना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए प्रोटोटाइप/आर्टवर्क तैयार करना।
- विकास भागीदारों की आईईसी/बीसीसी गतिविधियों की समीक्षा का समन्वय करना।
- आयुष्मान भारत के साथ–साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अन्य अभियानों के लिए फेस बुक, यू ट्यूब, ट्विटर इत्यादि जैसे सोशल मीडिया के लिए उपयुक्त रचनात्मक ग्राफिक्स और सामग्री के विकास का समन्वय करना।
- निम्नलिखित को तैयार करने हेतु समन्वय करनाः
  – वार्षिक रिपोर्ट
  – ई–बुक
  – न्यूज़लेटर
  – रिपोर्टें
- आवश्यकता पड़ने पर प्रचार अभियानों/सामग्रियों के विकास के लिए सोशल मीडिया टीम के कार्य का समन्वय एवं निगरानी करना। इसके अंतर्गत रचनात्मक सामग्री का विकास/उपचार, ग्राफिक डिजाइन और लेआउट से संबंधित पहलुओं पर मार्गदर्शन के साथ–साथ निगरानी करना भी शामिल है।
- आईईसी/बीसीसी रिपॅाजिटरी ऑनलाइन और एनआईएचएफडब्ल्यू की जरूरतों के अनुरूप उपलब्ध कराना।
- प्रदर्शनियों और व्यापार मेला (ट्रेड फेयर), सूरजकुंड मेला जैसे मेलों में आईईसी गतिविधियों के आयोजन में सहयोग करना।
- आईईसी/मीडिया इकाई का मीडिया/आईईसी संबंधी अन्य कार्य करना।

पात्रताः

- किसी प्रतिष्ठित एवं मान्यताप्राप्त संस्थान से जन संचार/पत्रकारिता में स्नातकोत्तर उपाधि सहित संचार में स्नातक।
- सार्वजनिक संचार के क्षेत्र में न्यूनतम 2+ वर्षों का कार्य अनुभव। राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मीडिया इकाइयों में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- सोशल मीडिया मंच की प्राथमिकता वाली गतिविधियों सहित स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण मंत्रालय की हालिया आईईसी गतिविधियों से भलीभांति परिचित।
- अत्यधिक मांग वाले परिवेश में कार्य करने, अकादमिक, बहुपक्षीय भागीदारों के साथ तालमेल करने की क्षमता।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे सामान्य प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को खोजने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी और हिंदी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
- उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं आयु में ढील दी जा सकती है।

आयुः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 55 वर्ष तक तथा फील्ड दौरे करने के लिए उत्तम स्वास्थ्य।
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।
रिपोर्टिंगः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मीडिया प्रमुख को।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **7 जुलाई, 2018** तक rch.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।